## संक्षिप्त समाचार

### फतेहाबाद में ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत, मानसिक रुप से परेशान था मृतक

**फतेहाबाद, एजेंसी।** हरियाणा में फतेहाबाद के मेहुवाला गांव में ट्रेन से कटकर युवक की मौत हो गई है। युवक का शव क्षत–विक्षप्त हालत में रेलवे लाइन पर पड़ा मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।हरियाणा में फतेहाबाद के मेहुवाला गांव में ट्रेन से कटकर युवक की मौत हो गई है। युवक का शव क्षत–विक्षप्त हालत में रेलवे लाइन पर पड़ा मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।मृतक की पहचान सिरढान निवासी 22 वर्षीय विक्रम के रुप में हुई है। वह मजदूरी करता था और अविवाहित था। मंगलवार की देर शाम वह मेहुवाला गांव क्षेत्र में गोरखपुर धाम एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे बुरी तरह कटने से उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक मानसिक रूप से परेशान था।

### मोबाइल की शॉप में लगी आग; घटना में लाखों का नुकसान, प्रशासन से लगाई मदद की गुहार

**टोहाना, एजेंसी।** हरियाणा के टोहाना के समैन गांव में एक मोबाइल की शॉप में आग लग गई। घटना मंगलवार सुबह की बताई जा रही है। आग की सूचना तुरंत फायर ब्रिगेड और डायल 112 को दी गई और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।बता दें कि दुकान में नए आईफोन सहित महंगे और पुराने फोन रखे हुए थे। आग लगने से करीब 6 से 7 लाख रुपए का नुकसान बताया जा रहा है। दुकान मालिक ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।दुकान मालिक का कहना है कि उसके पड़ोस के लोगों ने सूचना दी कि उसकी दुकान से धुआं निकल रहा है। जब वो पहुंचा तो दुकान में आग लगी हुई थी। इसके बाद आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। दुकान मालिक ने कहा कि उसे शक है कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी है। सूचना पाकर डायल 112 की टीम भी मौके पर पहुंची और एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड को भी सूचना दे दी गई।

### 5 दिन पहले हुई थी शादी, हृदय गति रुकने से युवक मौत, पुलिस कर रही जांच

**भिवानी, एजेंसी।** मात्र पांच दिन पहले विवाह कर आए युवक की की हृदय गति रुकने से मौत हो गई। मामला भिवानी के गांव फुलपुरा हाल बैंक कॉलोनी का है। मंगलवार दोपहर बाद जिला नागरिक अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। वहीं परिजनों के बयान दर्ज कर इस संबंध में इत्तफाकिया मौत मामले की कार्रवाई की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मोनू भाटिया (26) गांव फुलपुरा निवासी फिलहाल भिवानी की बैंक कॉलोनी में रह रहा था। पुलिस के जांच अधिकारी कुलदीप ने बताया कि मोनू की शादी 18 अप्रैल गांव कुड़ल निवासी एक लड़की से हुई थी। एक ही दिन दो सगे भाइयों की शादी थी। सोमवार रात को मोनू की अचानक तबीयत बिगड़ गई। उसे परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने उसकी हृदय गति रुकने से मौत की पुष्टि की। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है।

### महिला को सस्ता सोना दिलाने का दिया झांसा, छह लाख रुपये ठगे

**गुरुग्राम, एजेंसी।** न्यू कॉलोनी थाना क्षेत्र के ज्योति पार्क में रहने वाली एक महिला से सस्ता सोना दिलाने के नाम पर छह लाख रुपये की ठगी की गई। महिला के घर में ही आरोपित किराये पर रहते थे। 20 अप्रैल को मौका पाकर आरोपित उनकी दुकान में चोरी कर फरार हो गए। पीड़ित महिला की शिकायत पर थाना पुलिस ने केस दर्ज किया है। ज्योति पार्क निवासी मंजू ने बताया कि उनके मकान में रजनी, प्रेम, नवीन, सचिन और कविता एक साथ किराये पर रहते थे। रजनी ने कुछ दिन पहले मंजू से कहा कि उनके रिश्तेदार दिल्ली में कस्टम डिपार्टमेंट में हैं और वे दुबई से सस्ता सोना मंगाकर देते हैं। रजनी ने मंजू को भी सस्ता सोना दिलाने का झांसा दिया और दो बार में छह लाख रुपये ले लिए। 20 अप्रैल तक सोना मंगाकर देने की बात थी।दूसरी ओर मंजू की ननद सुषमा की कपड़े की दुकान है। आरोपितों ने सस्ते कपड़े दिलाने के नाम पर उनसे भी 70 हजार रुपये ले लिए। 20 अप्रैल को मंजू और सुषमा मोहल्ले में ही किसी घर शोक होने पर गए थे।

# मार्कफैड के एम.डी. ने निर्विघ्न खरीद कार्यों को सुनिश्चित बनाने के लिए सम्बन्धित डिप्टी कमिश्नरों के साथ लुधियाना, मोगा और फ़िरोज़पुर की मंडियों का किया दौरा

**चंडीगढ़, 24 अप्रैल-** किसानों के प्रति फ़सल की निर्विघ्न खरीद की प्रतिबद्धता को सुनिश्चित बनाने के मद्देनजऱ गिरिश दयालन, एम.डी. मार्कफैड ने लुधियाना, मोगा और फिऱोज़पुर जिलों की अलग-अलग मंडियों का दौरा किया।





उन्होंने लुधियाना में डिप्टी कमिश्नर, लुधियाना श्रीमती साक्षी साहनी के साथ जगराओं सब-डिविजऩ की मंडियों का साझा दौरा किया। इस दौरान पाया गया कि ज़िला प्रशासन द्वारा निर्विघ्न खरीद प्रक्रिया को सुनिश्चित बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। बकाया अदायगी के मुकाबले की गई समूची अदायगी 120 फीसदी है- इस तरह यह यकीनी बनाया गया है कि किसानों को कोई दिक्कत या परेशानी न हो और अदायगियाँ 48 घंटो के नियमों से पहले ही की जा रही हैं।

एजेंसियों को हिदायतें जारी की गई हैं कि वह 24 घंटों में खरीद प्रक्रिया को सुनिश्चित बनाएं और 48 घंटों से पहले ही भुगतान करना जारी रखें।

डिप्टी कमिश्नर मोगा स. कुलवंत सिंह के साथ साझे दौरे के दौरान यह पाया गया कि खरीद प्रक्रिया का कार्य पूरे ज़ोरों पर है, परन्तु बारदाने की कुछ अतिरिक्त ज़रूरत होगी, जो कि एफ.सी.आई. द्वारा उपलब्ध करवाया जाएगा।

मंडियों से लिफ्टिंग की प्रगति को 72 घंटो के नियम से पहले ही करने की माँग की गई, जिससे थोड़े समय में अधिक आमद के लिए जगह की उपलब्धता को सुनिश्चित बनाया जा सके, क्योंकि इस साल फ़सलीय चक्र संकुचित हो गया है।

फिऱोज़पुर में राजेश धीमान, डिप्टी कमिश्नर, फिऱोज़पुर के साथ दौरे के मौके पर यह भी पाया कि लिफ्टिंग की रफ़्तार अच्छी है, परन्तु फिर भी अधिक आमद के मद्देनजऱ और अधिक प्रबंधों के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं।

इस मौके पर समूह एजेंसियों के स्टाफ को हिदायतें जारी की गई हैं कि मंडियों को गन्दगी से मुक्त रखने के लिए लिफ्टिंग को पहल के आधार पर सुनिश्चित बनाया जाए और नयी आई गेहूँ के लिए जगह उपलब्ध करवाई जाए।

यह भी देखा गया कि फ़सल की गुणवत्ता बहुत बढिय़ा थी और किसानों द्वारा लाई जा रही उपज 12 फीसद नमी के मापदंड के अनुसार थी। सभी मंडियों में बिना किसी देरी से फ़सल खरीद की जा रही थी और जिसकी सफ़ाई करके और तेज़ी से बोरियों में भराई की जा रही थी।

# बटाला में विधवा के दोनों बेटों की मौत–सड़क हादसे में गई जान





### इंस्टाग्राम पर फास्ट फूड के नाम से मशहूर थे निहंग भाई

**बटाला ।** बटाला में देर रात क्षेत्र डेरा बाबा नानक के गांव कोटली सूरत मल्ली के दो सगे भाइयों आकाशदीप सिंह और दलजीत सिंह फतेहगढ़ चूड़ीयां से आते समय एक भयानक सड़क दुर्घटना के शिकार हो गए। जिसमें आकाशदीप सिंह की मौके पर मौत हो गई जबकि उनका छोटा भाई दलजीत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को अमृतसर के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उसने भी दम तोड दिया।

दोनों भाइयों की मौत की खबर सुनकर पूरा गांव गमगीन हो गया। पीड़ित परिवार पुलिस से गुहार लगाई है कि दोनों भाई पिछले कुछ समय के अंदर बहुत फेमस हो गए थे। यह एक साजिश है, जिसे हादसे का नाम दिया जा रहा है, इसलिए सीसीटीवी आदि की मदद लेकर सच्चाई सामने लाई जाए और इंसाफ दिलाया जाए।

**फास्ट फूड के नाम से मशहूर हो रहे थे दोनों भाई** बता दें कि कोटली सूरत मल्ली के दोनों निहंग सिंह भाई आकाशदीप व दिलजीत सिंह अति गरीब परिवार से थे और घर में बस वृद्ध माता थी, घर में बहुत ग़रीबी थी कुछ समय पहले दोनों भाइयों ने फतेहगढ़ चूड़ीयां में निहंग सिंह फास्ट फूड के नाम से फास्ट फूड का काम किया, कड़ी मेहनत के साथ दोनों ने काम को बढ़ाया।

काम को लेकर सोशल मीडिया पर दोनों की फैन फॉलोइंग बहुत हो चुकी थी और अब काम भी अच्छा चलने लगा था। दोनों भाई रोजाना शाम को फतेहगढ़ चूड़ीयां से अपने घर कोटली सूरत मल्ली आते थे। वहीं देर रात भी काम से घर लौट रहे थे कि अचानक हादसे का शिकार हो गए।

### परिवार ने सीसीटीवी जांचने की मांग

जिसमें दोनों भाइयों की मौत हो गई। इस बीच, परिवार वालों ने एसएसपी बटाला और उच्च पुलिस अधिकारियों से मांग की है कि इस मामले में सीसीटीवी कैमरों की जांच कर न्याय दिया जाए। उन्होंने कहा कि इस घटना को हादसा बताया जा रहा है।

## हरियाणा में पकड़ा गया अवैध शराब का जखीरा, 200 पेटियों सहित चालक गिरफ्तार

**गोहाना, एजेंसी।** गोहाना में आबकारी विभाग और बरोदा पुलिस की टीम ने महम रोड स्थित आहुलाना चीनी मिल के पास कटरा हाईवे के फ्लाईओवर के नीचे कार में भरी अवैध शराब की 200 पेटियां देर रात को बरामद की है। पुलिस ने चालक को भी काबू कर लिया है। बरोदा थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी लाल सिंह ने बताया कि वे गोहाना जोन में चेकिंग के लिए आए थे। उन्हें सूचना मिली है कि एक व्यक्ति एक गाड़ी में अवैध शराब लेकर आने वाला है। इसके बाद वह महम रोड स्थित आहुलाना चीनी मिल के नजदीक कटरा हाईवे के फ्लाईओवर के नीचे पुलिस की टीम के साथ पहुंच गए। इसके बाद वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद गोहाना की तरफ से टाटा गाड़ी



को रोक लिया गया। चालक ने अपनी पहचान गांव कथूरा निवासी सुरेश के रूप में बताई और कहा कि गाड़ी में शराब की पेटियां भरी हुई हैं। आबकारी टीम ने उससे परमिट व पास मांगा तो उसके बाद कोई परमिट नहीं मिला। गाड़ी में विभिन्न मार्का की अवैध शराब की 200 पेटियां मिली। गाड़ी और शराब को पुलिस ने जब्त कर लिया है और चालक के खिलाफ बरोदा थाना में मुकदमा दर्ज कर दिया है।

# हरियाणा में दोस्तों ने की दोस्त की हत्या, फिर गड्ढे में दफनाया शव, आरोपी बेटे की मां ने खोला राज

**सोनीपत, एजेंसी।** सोनीपत जिले के खरखौदा में कल देर शाम उस समय सनसनी फैल गई, जब पुलिस दलबल के साथ बरोना बाईपास पर एक कॉलोनी में निर्माणधीन कमरे पर पहुंची और वहां से एक युवक के शव को गड्ढे से बाहर निकाला। यह शव सचिन नाम के युवक का था, जिसकी हत्या उसके ही दो दोस्तों ने 22 अप्रैल को की थी और इस निर्माणधीन कमरे में उसके शव को गड्ढा खोदकर गाड़ दिया था, लेकिन जब एक आरोपी ने यह पूरी रूह कंपा देने वाली बात अपनी मां को बताई तो उसकी मां उसे पुलिस थाना लेकर पहुंची। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर शव बरामद कर लिया और पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल में भिजवाया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार सोनीपत के खरखौदा प्रताप कॉलोनी का रहने वाला सचिन और उसके दो दोस्तों ने 22 अप्रैल को बरोना बाईपास रोड पर एक कॉलोनी में निर्माणधीन कमरे में पहले तो बैठकर शराब पी। जब सचिन और उसके दोनों दोस्तों की आपस में किसी बात को लेकर कहासुनी हुई तो उसके दोस्तों ने उसको बेरहमी से पहले ईंट से उसके सिर पर वार किए। बाद में शराब की बोतल



और बर्फ फोड़ने वाले सुए से उसके शरीर पर कई वार किए। उसके बाद उसके शव को वहीं गड्ढा खोदकर गाड़ दिया। उसके बाद दोनों घर चले गए, लेकिन एक आरोपी ने यह बात अपनी मां को बता दी, जिसके बाद उसकी मां उसे पुलिस थाना लेकर पहुंची तो पुलिस के भी होश उड़ गए।


डीसीपी नरेंद्र कादियान ने बताया कि सचिन नाम के युवक जोकि घर से लापता था। उसके दोस्तों ने ही उसकी हत्या की थी। दोस्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है कि आखिकार उन्होंने इस वारदात को क्यों अंजाम दिया है।

# 12 करोड़ की ठगी केस में सीबीआई की एंट्री पुलिस इंस्पेक्टर रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**यमुनानगर, एजेंसी।** सीबीआई की टीम ने साइबर क्राइम थाना यमुनानगर के इंस्पेक्टर बलवंत सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। मामला विदेशी नागरिक से क्रिप्टोकरेंसी के जरिए ठगी का है। इस केस की जांच साइबर क्राइम थाना के ही इंस्पेक्टर कर रहे थे। इसमें ही उन्होंने एक ज्वैलरी शॉप के संचालक का नाम निकालने के लिए 40 लाख रुपये की मांग की थी।जिसकी रिकॉर्डिंग शिकायतकर्ता ने कर ली और शिकायत दी। जिसके बाद ही सीबीआई ने आरोपित इंस्पेक्टर को पकड़ने के लिए जाल बिछाया और उसे चंडीगढ़ स्थित सेक्टर 23 के पास से पांच लाख रुपये की रिश्वत लेते पकड़ लिया गया। साथ दो अन्य आरोपित भी गिरफ्तार किया है।

रात को सीबीआई की टीम यमुनानगर में सेक्टर 18 स्थित साइबर क्राइम थाना में पहुंची। केस से संबंधित दस्तावेज भी खंगाले। सुबह लगभग तीन बजे टीम यहां से निकली। वहीं बताया जा रहा है कि इंस्पेक्टर का एक साथी भी सीबीआई ने हिरासत में लिया हुआ है। इस मामले को लेकर स्थानीय पुलिस अधिकारी अभी कुछ जानकारी नहीं दे पा रहे हैं।

संयुक्त राज्य अमेरिका के फ्लोरिडा निवासी मरले ली कोरेजवो के पास सितंबर 2022 में काल आया था। काल करने वालों ने खुद को बैंक कर्मी बताया। उसे बातों में उलझाकर बैंक संबंधी डिटेल ली और



कंप्यूटर के जरिए बिटक्काइन खाते को हैक कर लिया। जिसके माध्यम से उससे लगभग 13 लाख डालर यानि लगभग 12 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की गई।

इस मामले में मरले ली कोरेजवो ने संयुक्त राज्य अमेरिका में केस दर्ज कराया। वहां से जांच में सामने आया कि भारत से यह धोखाधड़ी हुई है, क्योंकि जिन खातों में रकम गई थी। वह भारत के थे। मरले लीज कोरेजवा के अधिवक्ता निहार अग्रवाल ने कोर्ट के आदेश पर साइबर क्राइम थाना में विक्रमजीत सिंह सहित दो महिलाओं आंचल मित्तल और सरिता के विरुद्ध केस दर्ज कराया था।

इस केस में आरोपित विक्रमजीत को सबसे पहले गिरफ्तार किया गया था। उसके बाद अब तक आठ आरोपित पकड़े जा चुके हैं। इस ठगी के खेल में कई बड़े नाम भी सामने आए। जिनके माध्यम से विक्रमजीत ने ठगी की रकम का लेन देन किया। इसमें ही एक ज्वैलरी शाप के संचालक से इंस्पेक्टर नाम निकालने के नाम पर रिश्वत मांग रहा था।

## हरियाणा में 11वीं के छात्र पर चाकू से हमला; स्टूडेंट ने किए तीन वार, कुछ दिन पहले हुई थी मामूली कहासुनी

**हिसार, एजेंसी।** बीते दिनों हिमाचल के पालमपुर बस स्टैंड में एक लड़की पर युवक द्वारा तेजधार हथियार से हुए हमले की खबर काफी चर्चा में हैं। वहीं अब हरियाणा में भी कुछ ऐसा ही मामले देखने को मिला जहां हिसार में एक स्कूल के गेट पर 11वीं में पढ़ने वाले करीब 15 साल के छात्र पर स्कूल के ही दूसरे छात्र ने चाकू से हमला कर दिया। छात्र पर चाकू से 3 वार किए गए। जिसके बाद छात्र के चचेरे भाई ने हमलावर के हाथ से चाकू को छीन लिया। घायल छात्र को हिसार के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घायल छात्र के परिजन ने बताया कि घायल छात्र और उसका चचेरा भाई 11वीं कक्षा में पढ़ते हैं। उनके पास कॉमर्स है और हमलावर छात्र आर्ट्स का स्टूडेंट है।

सोमवार को स्कूल की छुट्टी होने के दोनों स्कूटी पर स्कूल से बाहर निकले। इसी दौरान स्कूल के गेट के पास दूसरे छात्र ने स्कूटी सवार छात्र पर चाकू से हमला किया। चचेरे भाई ने इस दौरान हमलावर छात्र को पकड़ने का प्रयास किया और उसके हाथ से चाकू छीन लिया। वहां से गुजरने वाले राहगीर ने हमलावर छात्र को पकड़ लिया और स्कूल प्रशासन के हवाले कर दिया।

घायल के परिवार वालों ने आरोप लगाया कि इसके बाद स्कूल प्रशासन ने न तो डायल112 को कॉल किया, ना ही एम्बुलेंस को बुलाया। कॉलेज प्रशासन ने हमलावर छात्र के माता-पिता को मामले की सूचना।

घायल छात्र के चचेरे भाई ने बताया कि छात्र से कुछ दिन पहले मामूली कहासुनी हुई थी। उन्हें पता लगा था कि शनिवार को भी हमलावर छात्र चाकू लेकर आया था, लेकिन शनिवार को उसके भाई की मां की तबीयत खराब थी। दोनों भाई हम स्कूल में नहीं गए थे। सोमवार को स्कूल में गए तो चाकू से हमला किया गया।

## हरियाणा में बेटे ने की पिता की हत्या : डंडे से पीट-पीट कर सिर फोड़ा, जमीनी विवाद में दिया वारदात को अंजाम

**रोहतक, एजेंसी।** रोहतक जिले के गांव चमारिया में एक बेटे ने अपने पिता की डंडे से पीट-पीट कर मार डाला। इस वारदात को जमीनी विवाद में बेटे ने अंजाम दिया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

जानकारी के मुताबिक आज सुबह 78 वर्षीय चतर सिंह अपने घर पर था। इसकी अपने छोटे बेटे सत्यवान से कहासुनी हो गई। सत्यवान ड्राइवरी करता है। जमीनी विवाद को लेकर पिता से हुई कहासुनी में सत्यवान ने तैश में आकर पिता पर डंडे से हमला कर दिया। उसने डंडे से पीट-पीट कर पिता का सिर फोड़ दिया। इससे उसकी मौत हो गई।

थाना प्रभारी मुरारी लाल ने बताया कि सूचना मिलने के बाद टीम मौके पर पहुंची। यहां चतर सिंह का शव खून से लथपथ मिला। इसके सिर पर डंडे से कई वार किए गए हैं। पुलिस मामले छानबीन कर रही है। जल्दी ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।किसानों के रेल रोको आंदोलन के कारण दर्जनों ट्रेनें रद्द होने से यात्रियों को इस रूट पर काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। ऐसे में सात दिनों से अंबाला लुधियाना रेल मार्ग बंद होने से रेलवे को अग्नि परीक्षा देनी पड़ रही है। किसानों के रेल रोको आंदोलन के कारण दर्जनों ट्रेनें रद्द होने से यात्रियों को इस रूट पर काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।

# खिलाड़ियों से मनोहर लाल का संवाद; पूर्व सीएम ने सुनी समस्याएं, कहा- देश का बढ़ाया गौरव

**करनाल, एजेंसी।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और करनाल लोकसभा से बीजेपी प्रत्याशी मनोहर लाल लगातार चुनावी दौरे में व्यस्त है, लेकिन इस बीच वो लोगों से मिलकर उनकी परेशानीयां भी जानने में लगे हुए हैं। साथ ही खिलाड़ीयों से मुलाकात भी कर रहे हैं।

बुधवार को करनाल के करनाल क्लब में मनोहर लाल ने खिलाड़ियों के साथ संवाद किया। खिलाड़ियों के साथ खेलों और खिलाड़ियों के बारे में चर्चा की। मनोहर लाल ने अर्जुन आवर्ड से सम्मानित और ओलपिंक खिलाड़ियों को सम्मानित किया। मनोहर लाल के साथ



संवाद कार्यक्रम में योगेश्वर दत्त, कब्बडी खिलाड़ी जसबीर सिंह, बलराज, बिजेंद्र सिंह बॉक्सर, सुमित सांगवान, परवीन कुमार कब्बडी खिलाड़ी, रिया इंटरनेशनल पैरा एथलीट के साथ कई ओर खिलाड़ी मौजूद रहे। जिनमें नए युवा खिलाड़ी भी शामिल थे, जिन्हें मनोहर लाल ने आगे बढ़ने का मंत्र दिया और उन्हें बताया कि कैसे उन्हें अपने भविष्य पर फोकस करना है खेलों में आगे बढ़ना है और अपना लक्ष्य हासिल करना है।

मनोहर लाल ने खिलाड़ियों के साथ संवाद कार्यक्रम में उनकी बातों को सुना और साथ ही साथ कहा कि हमारी सरकार में खिलाड़ियों को सम्मान दिया गया है, क्योंकि खिलाड़ियों ने हमारे देश का मान गौरव बढ़ाया है अलग-अलग खेलों में हरियाणा के खिलाड़ियों देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी हरियाणा का दम दिखाया है। वहीं मनोहर लाल ने कहा कि खिलाड़ियों का प्यार मिला है जिसके लिए उनका शुक्रिया जनता का सहयोग मिल रहा है ओर इसी सहयोग के चलते खिलाड़ियों का साथ मिला है।

वहीं मनोहर लाल ने दिग्विजय चौटाला के एक बयान पर कहा कि मुझे इस बात का ध्यान नहीं देना, वो चाहते ही ऐसी बातों पर तूल दिया जाए।